तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

13 वार्षिकोत्सव पर छात्रों ने दी देशभक्ति की प्रस्तुति

14 हायर सेकंडरी देवरी में हुआ मातृ सम्मेलन




## अनदेखी : पूर्व में सौंपे गए ज्ञापन पर कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

# गति शक्ति कार्गो टर्मिनल की नाप-जोख फिर रुकी, किसानों ने दुहरायी पुरानी मांगें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

प्रस्तावित गति शक्ति कार्गो टर्मिनल के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के तहत ग्राम रवेली में किए जा रहे नाप-जोख की कार्रवाई एक बार फिर ग्रामीणों के विरोध के चलते रोक दी गई। राजस्व विभाग के पटवारी एवं आरआई द्वारा मौके पर पहुंचकर सर्वे व मापन कार्य प्रारंभ किया जा रहा था, तभी प्रभावित क्षेत्र के किसानों को पता चलते ही पांच-सात गांव नयापारा, खपराडीह, रवेली, बुड़गहन, पड़कीडीह, बासीन के किसान एवं जनप्रतिनिधि एकजुट होकर स्थल पर पहुंच गए और कार्य का विरोध किया।


किसानों ने कहा कि यह विरोध पहली बार नहीं है। इससे पूर्व भी गति शक्ति टर्मिनल के प्रस्तावित स्थल को लेकर आपत्ति दर्ज कराई जा चुकी है। ग्रामीणों द्वारा अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) के समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत की गई थी और सर्वे का विरोध करते हुए वैकल्पिक स्थान पर पुनः सर्वे कराने की मांग की गई थी। किसानों का कहना है कि यदि परियोजना को अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किया जाता है, तो प्रभावित समस्त भूमि का अधिग्रहण बाजार मूल्य के आधार पर किया जाए और स्पष्ट पुनर्वास नीति लागू की जाए।

इन्हीं मांगों को लेकर किसानों ने तहसील सुहेला के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन भी किया था तथा ज्ञापन सौंपा था। ग्रामीणों का आरोप है कि आज तक उस ज्ञापन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है और न ही प्रशासन की ओर से किसानों को किसी प्रकार की जानकारी दी गई है, जिससे क्षेत्र में असंतोष और बढ़ गया है। नाप जोख करते समय राजस्व विभाग के चार सदस्य जिसमें तीन पटवारी एक आर आई शामिल थे। पटवारी में केके ध्रुव, नूतन ध्रुव, नरेंद्र वर्मा एवं आरआई रामजी ध्रुव शामिल थे। वहीं रेलवे के तरफ से गठित गति शक्ति दल के कोई भी सदस्य उपस्थित नहीं थे, जिसके चलते राजस्व विभाग को जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के विरोध के चलते नाम जोख के कार्य को वहीं पर रोक कर वापस अपने कार्यालय को लौटना पड़ा।मौके पर ओंकार साहू, कुलेश्वर, वीरेंद्र, तरुण, हेमंत, पुनाराम साहू, सतानंद, परमेश्वर, वेदराम साहू, वेदराम वर्मा, खिलेंद्र वर्मा, नयापारा से भुवनेश्वर वर्मा तथा उदयपुर से नंदू वर्मा, डोमेन्द्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।



### गांव तीन-तीन हिस्सों में बंट जाएंगा

प्रस्तावित रेलवे कॉरिडोर धोधा (पूर्व केबिन) से खपराडीह तक धोधा, खिलौरा, केसली, नयापारा, भटभेरा, बुड़गहन, बासीन, झीपन, रवेली, खपराडीह, धोबनीडीह, मुड़पार सहित अन्य गांवों को प्रभावित करेगा। किसानों का आरोप है कि सर्वे त्रुटिपूर्ण है और ट्रैक गांवों की मुख्य बस्तियों, आंगनबाड़ी, पशु चिकित्सालय, खेल मैदान, तालाब और स्कूल के पास से गुजर रहा है, जिससे गांव तीन-तीन हिस्सों में बंट जाएंगे और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होगा।



### किसानों ने चार प्रमुख मांगें रखी

रेलवे सर्वे दोबारा कराया जाए, अल्ट्राटेक ट्रैक के समानांतर ही नई लाइन निकाली जाए, परियोजना प्रबंधन सीधे किसानों से संवाद करे तथा आंशिक नहीं बल्कि पूर्ण प्रभावित क्षेत्र की समस्त भूमि खरीदी जाए।

### एक इंच जमीन नहीं देंगे

बिना सहमति और पूर्ण मुआवजे के एक इंच जमीन नहीं देंगे, परिवार सहित सड़क पर उतरने की दी चेतावनी।

### आपत्ति दर्ज कराई

किसान प्रतिनिधि ओंकार साहू खिलेन्द्र भुवनेश्वर वर्मा ने कहा, हमने विधिवत आपत्ति दर्ज कराई, धरना दिया और ज्ञापन सौंपा, लेकिन आज तक न तो जवाब मिला और न ही कोई समाधान। बिना संवाद के जमीन का अधिग्रहण स्वीकार नहीं होगा।

### क्षेत्र के हित के खिलाफ

कुलेश्वर साहू ने कहा कि तेरह गांवों की कृषि भूमि, चारागाह, खेल मैदान, विद्यालय एवं अन्य सार्वजनिक उपयोग की भूमि को सर्वे में शामिल किया जाना पूरे क्षेत्र के हित के खिलाफ है।

### समाधान निकालने की मांग की

रवेली की सरपंच सरोज साहू ने भी कहा कि पंचायत और ग्रामीणों की सहमति के बिना भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ाना उचित नहीं है। उन्होंने प्रशासन से पारदर्शी वार्ता कर समाधान निकालने की मांग की।

### कार्रवाई तत्काल प्रभाव से रोक दी

मौके पर उपस्थित आरआई रामजी ध्रुव ने बताया कि किसानों एवं जनप्रतिनिधियों के विरोध को देखते हुए नाप-जोख की कार्रवाई तत्काल प्रभाव से रोक दी गई है तथा इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा के लिए कलश यात्रा आज

पलारी। महाशिवरात्रि पर आयोजक शिव शक्ति महिला समिति एवं समस्त वार्डवासी द्वारा नगर पंचायत पलारी के वार्ड क्रमांक 11 में नवनिर्मित नर्मदेश्वर शिवलिंग का प्राण प्रतिष्ठा होगा 13 फरवरी शुक्रवार कलश यात्रा, गणपति पूजा, वेदी पूजा एवं 14 फरवरी शनिवार को रुद्राभिषेक, प्राण प्रतिष्ठा पूर्ण आहुति तथा 15 फरवरी 2026 को रविवार महाशिवरात्रि के पर्व पर भंडारा प्रसादी वितरण आयोजन होगा।

### युवक ने लगाई फांसी



पलारी। थाना गिधपुरी क्षेत्र के अंतर्गत जुनवानी से चिखली जाने वाले रोड पर स्थित पुलिया की रेलिंग से गुरुवार को युवक ने गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उक्त व्यक्ति की पहचान कर ली गई है। व्यक्ति का नाम टिकेश्वर उर्फ गोलू कुमार टंडन पिता देहरू टंडन 30 वर्ष ग्राम धाराशिव थाना लवन के रूप में हुई है।पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच कार्रवाई की जा रही है।

### ढनढनी में 16 से पांच दिवसीय सदगुरु कबीर सदग्रंथ समारोह

रिसदा। बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत ढनढनी में 16 फरवरी से सदगुरु कबीर सात ग्रंथ समारोह का आयोजन आमीन माता मंडल एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें 16 फरवरी को कलश यात्रा एवं महंत रोहित दास द्वारा दीप प्रज्वलित किया जाएगा। 17 फरवरी को सद्गुरु ग्रंथ पार्टी गनियारी, 18 एवं 19 फरवरी को सदगुरु कबीर ग्रंथ पार्टी ढोलिया प्रवचन करता कामोददास महंत होंगे। कार्यक्रम के अंतिम दिन चौका आरती महंत रोहित दास द्वारा किया जाएगा।

## गोदाम का ताला तोड़कर चोरी के बाद लगाई आग, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव



नगर के वार्ड क्रमांक 2 स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक एवं फर्नीचर दुकान के गोदाम में चोरी और आगजनी करने वाले आरोपी को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने न केवल कीमती सामानों पर हाथ साफ किया, बल्कि साक्ष्य छुपाने या नुकसान पहुँचाने की नीयत से गोदाम में आग भी लगा दी थी।

प्रार्थी जानू केसरवानी वार्ड 2 भटगांव ने थाने में आवदेन पेश किया कि उनकी इलेक्ट्रॉनिक व फर्नीचर की दुकान बड़े तालाब के सामने हैं। 8 फरवरी की रात 9.30 बजे मैं दुकान बंद कर घर चला गया। रात्रि करीबन 3 बजे मुझे बगल का दुकानदार श्रीराम ज्वेलर्स के संचालक आलोक सोनी फोन कर बताया कि गोदाम में आग लगी है, तब आकर देखा तो गोदाम में आग लगर थी। गोदाम में रखा तीन पेटी में झालर लाईट, इलेक्ट्रिक टार्च दो पेटी, स्टैंड फैन दो नग जल गया था। बगल के टिकेश्वर साहू के सीसीटीव्ही कैमरा में देखने पर पता चला कि रात्रि करीबन 01.32 बजे आरोपी दिनेश पिता अर्जुन पटेल 26 साल वार्ड 6 नगर पंचायत भटगांव ने गोदाम का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर गोदाम में आग लगाया और गोदाम में रखा सामान आई मी कंपनी का एलईडी टीवी 43 इंच कीमती 20 हजार, एक हैवल्स कम्पनी का मिक्चर ग्राइंडर कीमती 8500 रुपये कुल किमती लगभग 28500 रुपये को चोरी कर ले गया है। पुलिस ने जांच कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### धोबी समाज लवन राज का वार्षिक अधिवेशन आज

**अर्जुनी**। ग्राम गातापार में धोबी समाज के राम जानकी मंदिर परिसर में झेरिया रजक धोबी समाज लवन राज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 13 और 14 फरवरी को रखा गया है। लवन राज कोषाध्यक्ष बालकुमार रजक सचिव चोवाराम निर्मलकर ने बताया दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम की पूर्ण तैयारी कर ली गई है। वार्षिक अधिवेशन के प्रथम दिन 13 फरवरी को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक सामाजिक समस्याओं पर विचार और शाम 5 बजे अतिथियों का आगमन होगा। मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा एवं अध्यक्षता लवन राज अध्यक्ष पन्नालाल रजक करेंगे। वहीं अति विशिष्ट अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल होंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर रजककार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, मुख्यमंत्री के निज सहायक तुलसी कौशिक, जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव, जनपद सभापति अश्वनी रजक, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, महामंत्री संतोष वर्मा, गातापार सरपंच अंकिता संदीप वर्मा, छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज प्रदेश अध्यक्ष मनोज निर्मलकर, प्रदेश महासचिव कृष्णकुमार निर्मलकर, प्रदेश उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम रजक, प्रदेश संरक्षक झड़ीराम कनौजे आदि उपस्थित रहेंगे।

## कचलोन और खंडूवा के कोटवार निलंबित, एसडीएम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

ग्राम पंचायत कचलोन में गुरूवार को शासन द्वारा राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में ग्रामवासियों द्वारा द्वारा एसडीएम अतुल शेटे से शिकायत की गई कि कचलोन कोटवार बृजमोहन मानिकपुरी लगातार ग्राम में अनुपस्थित रहते है तथा अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करते। इसी तरह ग्राम खंडूवा के ग्रामीणों ने भी कोटवार गुलाब दास मानिकपुरी की शिकायत करते हुए कहा कि कोटवार हमेशा अपने कर्तव्यों के प्रति उदासीन रहते हैं एवं ग्राम में अनुपस्थित रहते हैं। दोनों ही कोटवार कचलोन में आयोजित राजस्व पखवाड़ा में भी अनुपस्थित रहे। इस पर एसडीएम शेटे ने दोनों कोटवारों के विरुद्ध पंचनामा तैयार कर निलंबित करने का आदेश जारी किया है।



## राइस मिलर 28 तक करें समितियों से धान का उठाव

**बिलाईगढ़**। खरीफ विवरण वर्ष 2025 -26 के अंतर्गत समितियों से धान का उठाव व मिलिंग कार्य पारदर्शिता के साथ सुव्यवस्थित रूप से एवं शासन के निर्देशों के अनुरूप संपादित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिले के राईस मिलरों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी राइस मिलर्स को 28 फ़रवरी तक संबंधित उपार्जन केंद्र से धान उठाव करने के स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू, खाद्य अधिकारी गणेश कुर्रे, मार्कफेड अधिकारी शीतल भोई सहित राइस मिलर्स उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने मिलरों को बिना रुके धान से भरे वाहन को समिति से सीधा राइस मिल ले जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है।

## 299 आवेदनों का मौके पर निराकरण

**बलौदाबाजार**। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को 9 क्लस्टर ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविर में शिविर में कुल 362 विभिन्न समस्याओं से सम्बंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 299 आवेदनों का मौक़े पर ही निराकरण किया गया एवं शेष 63 आवेदनों का जल्द निराकरण के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री सोनी के निर्देश पर अपर कलेक्टर एवं एसडीएम शिविर में पहुंच कर जायजा लिया और आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिये। इसके साथ ही विभिन्न दस्तावेजों का वितरण भी किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील बलौदाबाजार में 62 आवेदन में से 57 का निराकरण किया गया। लवन में 42 में से 23, पलारी में 12 में से 1, भाटापारा में 86 में से 82, सिमगा में 11 में से 10 आवेदन, सुहेला में 51 में से 47, कसडोल 36 में से 22, टुण्ड्रा में 15 में से 10 आवेदन एवं सोनाखान में सभी 47 आवेदनों का निराकरण किया गया है।

### नए जीएसटी दर का माल बाजार से गायब

## तंबाकू उत्पादों की किल्लत दिखाकर कालाबाजारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले में तंबाकू से बने उत्पादों बीड़ी, सिगरेट, पान मसाला और गुटखा की कालाबाजारी खुलेआम जारी है। नए जीएसटी दर लागू होने के बावजूद बाजार में नया दर वाला माल नहीं पहुंच पाया है, जबकि पुराने खरीदी और पुराने प्रिंट रेट वाले उत्पादों को कुछ चुनिंदा व्यापारी और बड़े स्टॉकिस्ट दबाकर बैठे हैं। इन उत्पादों की मनमानी कीमतों पर बिक्री कर वे जमकर मुनाफाखोरी कर रहे हैं और सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार 1 फरवरी से तंबाकू उत्पादों पर नई कर व्यवस्था लागू होने के बाद जिले में नए जीएसटी दर वाला माल अपेक्षित रूप से बाजार में नहीं आया। इसके विपरीत, पुराने स्टॉक को ही जानबूझकर सीमित मात्रा में बाजार में उतारा जा रहा है। कई दुकानों पर तंबाकू उत्पाद निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बेचे जा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को मजबूरन अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है।

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि बड़े स्टॉकिस्ट जानबूझकर नए माल की आपूर्ति रोक रहे हैं, ताकि पुराने माल की कृत्रिम कमी पैदा कर कीमतें बढ़ाई जा सकें। यह स्थिति खासकर शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों और ग्रामीण इलाकों में अधिक गंभीर है। कई छोटे दुकानदार भी बड़े स्टॉकिस्टों के दबाव में तय कीमत से अधिक पर उत्पाद बेचने को मजबूर हैं।

जानकारों का मानना है कि इस प्रकार की कालाबाजारी से न केवल आम उपभोक्ताओं का शोषण हो रहा है, बल्कि सरकार को मिलने वाला कर राजस्व भी प्रभावित हो रहा है। यदि पुराने दर वाले उत्पादों की अवैध रूप से ऊंची कीमतों पर बिक्री जारी रही, तो सरकार के राजस्व में भारी गिरावट हो सकती है।



### छापेमारी कर स्टॉक की जांच की जाए

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि तंबाकू उत्पादों की आपूर्ति और बिक्री पर सख्त निगरानी की जाए। उन्होंने मांग की है कि गोदामों और थोक व्यापारियों के यहां छापेमारी कर स्टॉक की जांच की जाए, पुराने और नए दर वाले उत्पादों का स्पष्ट सत्यापन किया जाए तथा कालाबाजारी में लिप्त व्यापारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।



## खबर संक्षेप

### वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा आज व कल

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समस्त बीए द्वितीय एवं अंतिम वर्ष (भूगोल) विषय के नियमित, अमहाविद्यालयीन, भूतपूर्व परीक्षार्थियों की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 13 फरवरी को सुबह 10 से 04 एवं 14 फरवरी को सुबह 10 से 04 बजे तक विज्ञान भवन मचेवा में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा में समस्त नियमित, अमहाविद्यालयीन एवं भूतपूर्व परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। समस्त परीक्षार्थी प्रायोगिक फाईल व कम्पास बॉक्स के साथ उक्त परीक्षा दिवस को प्रातः 09 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से किया गया चयन

**नरा।** जिला कोसरिया मरार पटेल समाज के अंतर्गत कौड़ियां राज परिक्षेत्र के कार्यकारणी बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत मां भगवती शांकभरी देवी की पूजा अर्चना के साथ की गई। इस राज के पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्ति के पश्चात चुनाव



का गठन के लिए चुनाव समिति के रूप में प्रदेश संयोजक पवन पटेल, प्रदेश महासचिव ललित पटेल, प्रदेश उप कोषाध्यक्ष भेखलाल पटेल, प्रदेश महामंत्री घनश्याम पटेल कौड़िया राज संयोजक मुंजराम पटेल, पूर्व अध्यक्ष तुकाराम पटेल समेत प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिसमें नव नियुक्त पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से कौड़िया राज अध्यक्ष लोकेश पटेल भरूवामुड़ा, उपाध्यक्ष हीरा पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष अमन पटेल लमकेनी, सचिव हरेश्वर पटेल, कोषाध्यक्ष लीला राम पटेल, उपकोषाध्यक्ष मोतीराम पटेल, राजनीतिक प्रकोष्ठ किशोर पटेल, एडिटर वासुदेव पटेल, एडिटर छगन पटेल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष बेनू पटेल मोंगरापाली, कर्मचारी प्रकोष्ठ जवाहर पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पारस पटेल उपाध्यक्ष महेंद्र पटेल आदि चुने गए।

### डोकरपाली में पांच दिवसीय मानस गान

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम डोकरपाली में महाशिवरात्रि पर पांच दिवसी संगीतमय मानस गान का आयोजन रखा गया है। 12 से 16 फरवरी तक चलेगा। रामचरितमानस संरक्षक हीरा सिंह दीवान, अध्यक्ष वासना दीवान, उपाध्यक्ष कोमल प्रसाद दीवान, कोषाध्यक्ष घनश्याम, सचिन थानूराम निषाद, विजय देवांगन, दिनेश देवांगन, जीराखन साहू, केशव राम आदि जुटे हुए है।

## आयोजन : अरंड के मिडिल स्कूल प्रांगण में खेल कलेवा कार्यक्रम आयोजित

# खेल कलेवा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले किए गए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

बीआईयू द्वारा एडोल्सेंट एनीमिया को कम करने के लिए खेल कलेवा इवेंट यूनिसेफ द्वारा एनीमिया अनुसंधान किया जा रहा है। जिसके तहत ग्राम अरंड के मिडिल स्कूल प्रांगण में खेल कलेवा कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि सरपंच डिगंबर पटेल, अध्यक्षता व्याख्याता सोनसाय पटेल, विशिष्ठ अतिथि यूनिसेफ व बीआईयू मेंबर राघवेंद्र कुमार रहे, संकुल समन्वयक अरंड रोहिणी कुमार देवांगन रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजा कर किया गया। मंचस्थ अन्य अतिथियों एलायंस फॉर बिहेवियर चेंज पिथौरा कोआर्डिनेटर पिथौरा ओम प्रकाश रजक, महिला विकास पर्यवेक्षक चित्ररेखा साहू, संगीता साहू, प्रधान पाठक गंगा पैकरा, सचिव लेख राम जगत, समन्वयक नितेश साहू, लाभो राम साहू, गंगाराम चौहान, जेठूराम पाडे मंचस्थ रहे। खेल कलेवा कार्यक्रम के संबंध में बीआईयू टीम के देवाशीष पटेल के द्वारा स्वागत उद्बोधन में खेल कलेवा कार्यक्रम के उद्देश्य के संबंध में बताया गया कि एनीमिया की कमी को दूर करने के लिए हमें खानपान में बदलाव करने की आवश्यकता है। बीआईयू मेंबर राघवेंद्र कुमार ने अपने उद्बोधन में बताया कि चार तरह के स्वाद होते हैं जिसमें मीठा, खट्टा, कड़वा और नमकीन है। लेकिन अब पांचवां स्वाद उमामी ने ले लिया है। चाइनीज़ व्यंजनों में अजीनोमोटो का इस्तेमाल किया जाता है जो स्वाद बढ़ाने में कारगर है, किंतु इसके अधिक उपयोग से हानिकारक है। अपने दैनिक आहार में अंकुरित अनाज, पत्तेदार शाक - भाजी, कंद- मूल, ऑर्गेनिक सब्जियों शामिल करें। यूनिसेफ एवं माई भारत कोआर्डिनेटर देवाशीष पटेल के द्वारा योग के महत्व को बताए हुए योग कराया। जिसमें खुशी ध्रुव प्रथम, किंजल ध्रुव द्वितीय, अनिता साव तृतीय स्थान प्राप्त किए।

जिया ध्रुव को विगत तीन माह के अच्छे परफॉर्म के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। माताओं द्वारा कलेवा प्रदर्शन में रैन बाई ध्रुव, भोगेश्वरी ध्रुव, देवकुमारी ध्रुव को सम्मानित किया गया। खेल कलेवा कार्यक्रम के सहयोगी शिक्षक नकुल राम साहू, जयराम पटेल, गंगा पैकरा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता देवकुमारी ध्रुव, वालंटियर मोहन नायक, अमन पटेल, नारायण सिंह चौहान, पुष्पराज पटेल, ग्राम के गणमान्य नागरिक और पंच व बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र सिन्हा और देवाशीष पटेल ने किया।

### खुटेरी स्कूल में खेल कलेवा का कार्यक्रम हुआ

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम खुटेरी के विद्यालय प्रांगण में खेल कलेवा कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत खुटेरी के सरपंच सुशीला मांझी के नेतृत्व और शाला प्रबंध समिति खुटेरी के संयुक्त नेतृत्व में किया गया। मां सरस्वती की पूजन वंदन के साथ प्राथमिक प्रधानपाठक डोलामणि साहू ने सभी आगंतुकों का अभिनन्दन करते हुए यूनिसेफ मॉय भारत कॉर्डिनेटर देवाशीष पटेल को कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने बच्चों को खेल गतिविधियों के माध्यम से आयरन युक्त पोषक तत्वों के महत्व पर प्रकाश डाला। एलायंस फ़ॉर बिहेवियर चेंज के ओमप्रकाश रजक ने किशोर स्वास्थ्य के लिए पोषण क्यों महत्वपूर्ण है पर अपने विचार रखें। पश्चात व्यंजन प्रतियोगिता अंतर्गत माताओं द्वारा पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता का अवलोकन डीएनसी संयम शर्मा, रोहिणी देवांगन, सुपरवाइजर द्वय संगीता साहू, चित्ररेखा साहू पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुटेरी के प्रभारी प्रधानपाठक पालेश्वर पटेल, समन्वयक जन धनीराम सिदार,गंगाराम चौहान, जेठूराम पांड़े, विश्वनाथ माँझी, प्रबंध समिति अध्यक्ष महेश ध्रुव, पालक निरखित पटेल, सदस्य प्रीतम बरिहा, आंगनबाड़ी से गीता देवांगन, शिक्षकगण कुमुदिनी बरिहा, नरसिंग पटेल, अभिनन्दन नाग, अनिता बरिहा, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, प्रभाकिरण ध्रुव आदि ने किया। फुर्ती व चतुराई के खेल वालिंटियर अमन पटेल, जूही भोई ने बताये। सुपरवाइजर संगीता साहू ने आसान पोषण सुझाव दिए। संतुलित आहार में आयरन की मात्रा और एनीमिया की कमी को दूर करने के प्राकृतिक उपाय पर संयम शर्मा ने व्याख्यान दिए। ट्रैकर की जानकारी और आगे की गतिविधियों को चिन्हित बच्चों के बीच साझा किया गया। उपस्थित माताओं के सानिध्य में बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डोलामणी साहू राज्यपाल पुरस्कृत ने किया। कार्य निष्पादन में विद्यालय के समस्त शिक्षक स्टॉफ सहित रसोइया गेंदी, गंगा, रेखा, दसमत सफाई कर्मचारी लेखराम का सहयोग रहा।

# जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था स्ट्रैचर पर, जनप्रतिनिधियों को गरीब मरीजों की समस्या सुनने की फुर्सत नहीं: पंकज

## जिले के सबसे बड़े अस्पताल में मरीजों को हो रही परेशानी, स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व पार्षद व समाज सेवी पंकज साहू ने जिला अस्पताल सह मेडिकल कॉलेज में व्याप्त समस्याओं पर कहा कि भाजपा राज में स्वास्थ्य व्यवस्था स्ट्रैचर पर पहुंच गई है। जिस तरह से मरीजों को जिले के सबसे बड़े अस्पताल में परेशानी आज के स्थिति में हो रही है, वह शायद कभी नहीं हुई होगी। जांच उपकरणों की कमी तथा दवाओं की कमी से पहले ही जूझ रहे जिला अस्पताल अब गर्भवती माताओं को भी सुविधा प्रदान नहीं कर पा रही है। सैकड़ों मरीजों सहित गर्भवती महिलाओं का यहां सोनोग्राफी नहीं हो पाने से उन्हें भटकना पड़ रहा है। 15 दिन में हो लगभग 1 हजार मरीज सोनोग्राफी नहीं होने के कारण वापस लौटे हैं। रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति नहीं करने के कारण यह स्थिति सामने आई है।

उन्होंने कहा कि गरीब वर्ग के मरीज निःशुल्क व सस्ते उपचार के आस में जिला अस्पताल पहुंचते हैं। लेकिन, यहां की बदहाली देख सरकार व सत्ता पक्ष के जनप्रतिधियों को कोसते हुए निजी अस्पतालों में उपचार कराने विवश हो रहे हैं। जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली यहां के जनप्रतिनिधियों को नहीं दिख रहा। इसलिए अब तक न ही स्थानीय सांसद, विधायक और न ही सत्ता पक्ष के जन प्रतिनिधियों ने अब तक किसी प्रकार का पत्राचार शासन को नहीं किया। स्थानीय विधायक की निष्क्रियता तो जग जाहिर है, उन्हें केवल जमीन के कारोबार में ही व्यस्त देखा जा सकता है। जनता की परेशानियों से विधायक को कोई सरोकार नहीं है। सांसद तो केवल डमी सांसद बन कर रह गई है। जिले के चारों विधानसभा सहित 8 विधान सभा क्षेत्र की जनता ने उन्हें चुनकर केंद्र भेजा है। लेकिन, संसद में इन गंभीर समस्याओं पर वे कभी बात रखते नजर नहीं आती। यही हाल प्रशासनिक अफसरों का है। प्रशासन शासन के योजनाओं को धरातल पर उतारने वाला प्रमुख माध्यम है। लेकिन, प्रशासनिक अधिकारी व्यवस्था में सुधार करने के बजाए शासन के नाकामियों पर पर्दा डालने का काम कर रहा है। शासन के कमियां बताने पर प्रशासन की ओर से तत्काल विज्ञप्ति जारी कर प्रतिक्रिया दी जाती है, कि फलां योजना से अमुख व्यक्ति के जीवन में बदलाव आया।

प्रशासन यह क्यों नहीं बताता कि शासन प्रशासन की उदासीनता के चलते हजारों लोग किस तरह परेशान हो रहे हैं। साहू ने कहा कि पूर्व में भी उन्होंने जिला अस्पताल में डाक्टरों, स्टाफ नर्स सहित अन्य कर्मचारियों की कमी को तत्काल दूर कर कर्मचारियों की भर्ती की मांग की थी।

आवश्यक उपकरणों की कमियों को दूर कर मरीजों को सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया था। लेकिन, इस दिशा में शासन-प्रशासन की खामोशी यह साफ संकेत दे रहा है कि गरीब मरीजों, आम जनता की परेशानी से उन्हें कोई सरोकार नहीं है। शासन प्रशासन को केवल कमीशन मिलना चाहिए। चाहे इसके लिए उन्हें कालातीत दवाई खरीदी करना पड़े या जंग लगे सिजेरियन ब्लेड।



### जिले में विद्यार्थियों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट हेतु 12 फरवरी से 10 मार्च तक शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में 5 से 7 वर्ष एवं 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के छूटे हुए विद्यार्थियों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जिले के 32 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में आयोजित किए गए हैं। ये शिविर 10 मार्च तक आयोजित किए जाएंगे। शिविर संचालन के लिए विकासखंड स्तर पर बीआरसी तथा संकुल स्तर पर संकुल समन्वयकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।इन शिविरों में आधार ऑपरेटरों के माध्यम से विद्यार्थियों का बॉयोमेट्रिक अपडेट किया जाएगा। इस संबंध में जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा द्वारा संकुल समन्वयकों एवं आधार ऑपरेटरों को आपसी समन्वय से कार्य करने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी विद्यालयों को व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक छूटे हुए विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें।

# भारतीय सीमा सुरक्षा बल में चयनित जवानों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय राममनोहर लोहिया चौक में आयोजित सैनिक सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर (राज्यमंत्री) हुए। भारतीय सीमा सुरक्षा बल में चयनित जवानों का पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया, जिसमें चयनित नीलेश सिंह पिता देवेंद्र सिंह माता सुमन सिंह वार्ड क्रमांक 11 महासमुंद, गणेशु बघेल पिता स्वर्गीय टेटकूराम बघेल माता सुमन बघेल साराडीह, अभिषेक सिंह पिता जसवंत सिंह माता मीना देवी वार्ड क्रमांक 04 महासमुंद शामिल रहे।



निगम अध्यक्ष ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज जहां बहुत से लोग पैसों को महत्व देकर अपने अंदर के हुनर और ज्ञान को बेचकर फीस के रूप में मोटी रकम लेते है, ये उन लोगों के लिए नई प्रेरणा है। पूर्व सैनिक पुरुषोत्तम डनसना द्वारा मां महामाया डिफेंस एकेडमी प्रशिक्षण केंद्र का निःशुल्क संचालित किया जाता है। जिसमें देश सेवा सर्वोपरि के मूल उद्देश्य को लेकर प्रशिक्षण दिया जाता है। अकादमी से जुड़े सभी लोग प्रशंसा के पात्र है। उद्बोधन की अगली कड़ी में अकेडमी संचालक आर्मी एडवेंचर ट्रेनर पुरुषोत्तम डनसेना ने बताया कि एकेडमी में प्रवेश फीस के रूप में मात्र 11 रुपए लिए जाते है, जिसे नगर कुल देवी मां महामाया माता के चरणों में अर्पित किया जाता है। बच्चों को शारिरिक रूप से प्रशिक्षित करने के लिए फारेस्ट ग्राउंड, मिनी स्टेडियम व आउटडोर में सुखी नदी पहाड़ों की ट्रेकिंग शामिल होता है, प्रति माह पिकनिक कर तनावमुक्त व खेल खेल में कसरत अभ्यास को ध्यान दिया जाता है। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक महेश चंद्राकर, राजेश डड़सेना, नारायण ठाकुर, खगेंद्र तारक, संजय गिरी गोस्वामी, चंद्रबदन मिश्रा, जैनेंद्र चंद्राकर, राधेश्याम सोनी, मिथलेश बोयर, सृजन डड़सेना, संतोष ध्रुव, ओमप्रकाश पटेल, सिद्धान्त बैस, मुकेश, आकाश पटेल मौजूद रहे।

# अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में न्याय के नैसर्गिक सिद्धांत का पालन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलसोंडा की पूर्व सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने कहा है कि गांव में हो रहे अवैध अतिक्रमण तथा निर्माण कार्य रोकने के लिए उसने वर्तमान सरपंच पर दबाव बनाया था तथा अमृत सरोवर में हो रहे अवैध मुरम खनन एवं गर्मी के दिनों में भरे तालाब क़ो मुरुम बेचने के उद्देश्य से सुखाने की शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में की थी। जिसके कारण कतिपय बदले की भावना से बिना सीमांकन किये तथा पूर्व सूचना दिए बिना राजस्व कार्रवाई के वर्तमान सरपंच द्वारा मेरी लगानी जमीन क़ो शासकीय करार देते हुए घेरा को तोड़ते हुए लगे फसल क़ो बर्बाद किया गया है।

पूर्व सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने बताया कि गांव के शंकर लाल चंद्राकर द्वारा बिना किसी दस्तावेज के शासकीय जमीन क़ो कब्ज़ा किया गया है, जिस पर कार्रवाई करने के लिए वर्तमान सरपंच क़ो बताया था। परंतु आपसी लेनदेन के कारण वर्तमान सरपंच ने शंकर लाल चंद्राकर पर कार्रवाई न करते हुए उल्टा मेरे ही जमीन क़ो बर्बाद कर दिया। जिससे कम से कम



3 लाख रुपए की नुकसानी हुई है। पूर्व सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने वर्तमान सरपंच की मंशा क़ो भाँपते हुए पहले से ही नायब तहसीलदार क़ो इस कार्रवाई के विरुद्ध स्थगन के लिए सक्षम न्यायालय (न्यायालय नायब तहसीलदार) क़ो प्रकरण पेश करके पावती भी लिया था। परंतु नायब तहसीलदार ने इस पर ध्यान नही दिया तथा ईमानदारी का खामियाजा आज भुगतना पड़ा। पूर्व सरपंच ने बताया कि इस अवैधानिक कार्रवाई के लिए स्पॉट में उसने राजस्व अधिकारी मनीष श्रीवास्तव से कार्रवाई आदेश की मांग की तो मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि मुझे कोई लिखित आदेश आदेश प्राप्त नही हुआ है।

# आयुर्वेदिक दवाओं में रोगों को जड़ से समाप्त करने की होती है क्षमता: सृष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ के रजत जयंती पर ग्राम अछोला में शासकीय आयुर्वेद औषधालय भोरिंग द्वारा एक दिवसीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन 11 फरवरी को किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सृष्टि चंद्राकर रहीं। अध्यक्षता सरपंच संतोष कुमार साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में उप सरपंच विश्वनाथ धीवर व पंचगण उपस्थित रहे। शिविर में लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर औषधि का वितरण किया गया।

### स्टाल का अवलोकन

इस दौरान मुख्य अतिथि सृष्टि ने आयुष विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया। तथा ग्रामीणों को इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद से बड़े से बड़े असाध्य रोगों का उपचार संभव है। आयुर्वेदिक दवाओं में रोगों को जड़ से समाप्त करने की क्षमता होती है। कार्यक्रम के अंत में लोगों को आयुर्वेदिक काढ़ा वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अरुण चंद्राकर, आयुष विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# श्याम बालाजी कॉलेज के वार्षिक उत्सव में छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

श्याम बालाजी कॉलेज एवं श्याम विद्या मंदिर, श्याम उमावि के संयुक्त तत्वावधान में 11 फरवरी 2026 को वार्षिक उत्सव का आयोजन महाविद्यालय परिसर के सभागार कक्ष में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में डॉ एकता लंगेह (सामाजिक कार्यकर्ता), अध्यक्षता डा एमएल चंद्राकर विभागाध्यक्ष सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर, विशेष अतिथि आमी रूफस प्राचार्य आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उमावि, जोगेश्वर सिन्हा (बीआरसी), अतिथि वार्ड पार्षद सुनैना ठाकुर, अतिथि आस्था वुमैन संस्था की तारणी चंद्राकर, संस्थापक हेमंत चंद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर, सदस्य अंश द्विव्य चंद्राकर श्याम शिक्षण समिति, प्राचार्य डा अंकिता चंद्राकर, प्राचार्य तेजबहादुर सिंह श्याम उमाशाला एवं प्राचार्य मीना राजपूत





श्याम विद्या मंदिर, डा संजय कुमार साहू, उमा चौधरी, निर्मल बंजारे, टोपराम कुर्रे, शीतल साहू, डिंपल साहू, अमित लामा, गीतांजलि यादव, अग्रिमा अग्रवाल, योगिता यादव, ऐश्वर्या साहू, योगिता चौहान, प्राची वैष्णव, रवीना पटेल, लोकेश्वरी सोनी, सुमन सिंग, कातयानी चौहान एव बीए, बीएससी, (गणित एवं बायो) बी काम, पीजी डीसीए, डीसीए, योग एंड डिप्लोमा, डी फॉमेर्सी, बीएड के समस्त छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे। इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रवीण सूची में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं एवं पाठ्य सहगामी क्रियाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा संबोधित करते हुऐ प्रेरणादायक विचार रखे गए। जिसमें सचिव तारा चंद्राकर ने कहा कि मंजिल को पाने के लिए हमेशा मेहनत एवं पुरूषार्थ को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में डॉ एकता लंगेह (सामाजिक कार्यकर्ता) ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा की सराहना करते हुए छात्रों से आग्रह किया कि शिक्षा पर विशेष ध्यान दे एवं नशा से हमेशा दूर रहने का संदेश दिया।

# राजमाता विष्णुप्रिया देवी स्मृति में सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

आदिवासी महासंघ कौड़िया एवं अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के संयुक्त तत्वावधान में राजमाता रानी विष्णुप्रिया देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा रानी विष्णुप्रिया देवी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

मुख्य अतिथि उषा पुरूषोत्तम घृतलहरे ने अपने संबोधन में कहा कि रानी विष्णुप्रिया देवी ने न केवल आदिवासी समाज बल्कि सभी वर्गों के उत्थान के लिए अनुकरणीय कार्य किए। जनपद सदस्य पुरूषोत्तम घृतलहरे, भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, भाजपा नेता सीताराम सिन्हा एवं साहू समाज अध्यक्ष मनोहर साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर जनकराम ठाकुर, सुखीराम ध्रुव, भागी ध्रुव, पुनाऊराम ठाकुर, कुंवर सिंह ध्रुव, सत्यनारायण ध्रुव, जगबंधु कोंध, डेजिरानी नेताम, कमल सिदार, देवनारायण ध्रुव, सरोज नेताम, बरसाती, तिलकराम बरिहा, सिरामन ध्रुव, तुलाराम ध्रुव, श्याम नेताम, गोलू रावल, ननक ठाकुर, दिनेश कालसा, आलेख भोई, तुलसी दीवान, विश्राम, सरपंच परिमल कश्यप, रोशन ठाकुर, एमएल मंडावी, मंगल सिंह ठाकुर, राधेश्याम ठाकुर, गौर सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से शराब बना रहे पांच लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम बिजेपुर के बीच जंगल में नहर के पास शराब का अवैध रूप से निर्माण कर रहे 5 लोगों को सांकरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 30 हजार रुपए का महुआ शराब बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि 11 फरवरी को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बिजेपुर के बीच जंगल में नहर के पास में कुछ लोग अवैध रूप से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब बिक्री करने के लिए बना रहे हैं। इसके बाद मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। पकड़े गए लोगों ने पूछताछ में अपना नाम मुकेश बाघ पिता उजागर बाघ (41 साल) बिजेपुर, गुलाब बाघ पिता शंकरलाल बाघ (64 साल) बिजेपुर, रोशन बाघ पिता कीर्ति बाघ (35 साल) बिजेपुर, बृजेश बाघ पिता अमर सिंह बाघ (28 साल) बिजेपुर और नरेंद्र बाघ पिता जुगुत राम बाघ (22 साल) बिजेपुर बताया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने कुल 150 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 30000 रुपए, पांच नग स्टील का गंज कीमत करीबन 2000 रुपए, कुल कीमत 32000 रुपए व 70 बोरी में शराब बनाने योग्य महुआ लाहन बरामद किया गया, जिसे मौके पर नष्ट किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2), 34(1)(क) (च) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### कर्मचारियों की मांगें सुनने के बजाय बर्बरता पर उतर आई प्रदेश सरकारः रश्मि

**महासमुंद।** अपनी हक और अधिकार के लिए शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे मध्याह्न भोजन रसोईया संघ आंदोलनकारियों पर



सैकड़ों एफआईआर दर्ज किए जाने को सरकार की संवेदनहीनता और प्रशासन की बर्बता करार देते हुए कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि यह भाजपा सरकार कर्मचारियों की मांगे सुनने के बजाय बर्बरता पर उतर आई है, आंदोलन को कुचलने एफआईआर दर्ज कर जेल भेजने का डर दिखा रही है।

### सर्व ब्राह्मण समाज युवा मंच के प्रदेश सचिव नियुक्त किए गए आकाश

**महासमुंद।** छग सर्व ब्राह्मण समाज युवा मंच की नई कार्यकारिणी का विस्तार किया जा रहा है। जिसके तहत युवा समाज सेवी आकाश पांडेय की सामाजिक



सक्रियता को देखते हुए उन्हें सर्व ब्राह्मण समाज का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा के सहमति मार्गदर्शन में साथ ही सर्व ब्राह्मण छग के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी की सहमति पर सर्व ब्राह्मण समाज युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत शर्मा द्वारा की गई है।

### वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 14 को

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीएससी द्वितीय वर्ष पूरक, भूतपूर्व एवं अमहाविद्यालयीन एवं बीएससी तृतीय वर्ष नियमित, पूरक, भूतपूर्व एवं अमहाविद्यालयीन के समस्त छात्र-छात्राओं के वनस्पतिशास्त्र विषय की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 14 फरवरी को प्रातः 09 बजे से आयोजित होगी। समय के 30 मिनट पूर्व अपनी उपस्थिति दें।

# प्रतिबंध के बावजूद देर रात तक बज रहे लाउडस्पीकर, छात्र परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के बीच ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए जारी प्रशासनिक आदेशों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। प्रतिबंध के बावजूद देर रात तक लाउडस्पीकरों का उपयोग लगातार जारी है, जिससे विद्यार्थियों सहित आम नागरिकों की परेशानी बढ़ती जा रही है। हैरानी की बात यह है कि प्रशासन की ओर से अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।

जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे कि रात 10 से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। इसके बावजूद जिले के कई इलाकों में धार्मिक, सामाजिक और निजी आयोजनों में तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाए जा रहे हैं। खासकर घनी आबादी वाले क्षेत्रों में देर रात तक चलने वाले कार्यक्रमों से विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है।

स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों का कहना है कि बोर्ड परीक्षाओं के दौरान शांत वातावरण की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, लेकिन नियमों की अनदेखी से छात्रों की एकाग्रता भंग हो रही है। कई अभिभावकों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

### प्रशासन की निष्क्रियता पर उठे सवाल





#### दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई करें

जानकारों का कहना है कि प्रतिबंधात्मक आदेश केवल औपचारिकता बनकर रह गए हैं। जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के कारण नियमों का पालन नहीं हो पा रहा है। यदि प्रशासन समय रहते सख्ती नहीं बरतेगा, तो इसका सीधा असर विद्यार्थियों के मानसिक स्थिति और परीक्षा परिणाम पर पड़ सकता है। आवश्यकता इस बात की है कि प्रशासन नियमों के उल्लंघन पर त्वरित और कठोर कार्रवाई करे, नियमित निगरानी व्यवस्था मजबूत करे और दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि बोर्ड परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को शांत एवं अनुकूल वातावरण मिल सके।

## विधायक अनुज शर्मा ने खिलाड़ियों और इसरो भ्रमण पर गए छात्रों को किया सम्मानित

# 'प्रयास' में बिखरे भारत के सांस्कृतिक रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, खरोरा में शाला वार्षिकोत्सव प्रयास का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण रंग-बिरंगी साज-सज्जा एवं उत्सवमय उल्लास से सराबोर रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री अनुज शर्मा विधायक धरसींवां रहे।

अध्यक्षता तिलक राम देवांगन पूर्व राज्यमंत्री ने की। विशिष्ट अतिथि नवीन अग्रवाल अध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर, टिकेश्वर मनहरे अध्यक्ष, जनपद पंचायत तिल्दा आदि थे।प्राचार्य रजनी मिंज द्वारा विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस प्रतिवेदन में विद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। वार्षिकोत्सव के सांस्कृतिक सत्र में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कर्मा, सुवा, पंथी, राजस्थानी गीत, बस्तियां गीत, दक्षिण भारतीय गीत, पंजाबी गीत, मराठी गीत, उत्तराखंड भाषा गीत, गुजराती गीत, बंगाली गीत, कश्मीरी गीत, आध्यात्मिक गीत एवं अन्य पारंपरिक लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति से सजी इन प्रस्तुतियों ने सभागार में उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों से भरपूर तालियां बटोरीं। पद्मश्री अनुज शर्मा और अन्य विशिष्ट अतिथियों के करकमलों से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ी बच्चों को और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो सेक) शैक्षणिक भ्रमण गए विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता एवं सहयोग हेतु सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित एवं प्रभावशाली ढंग से संचालन सेवानिवृत्त व्याख्याता डोमार सिंह यादव, रीतारानी वर्मा, निशिता दीक्षित, गीतांजली पान, वरिष्ठ व्याख्याता शाहिना परवीन ने किया, जिससे संपूर्ण आयोजन सफल एवं अविस्मरणीय बन सका। वार्षिकोत्सव "प्रयास" ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक चेतना को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया।इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में प्राचार्य रजनी मिंज, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि दुलेश साहू, विधायक प्रतिनिधि सुमित सेन, रश्मि वर्मा, खरोरा मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा, गुरजीत कौर, संजीव देवांगन, गुरदीप सिंह छाबड़ा, यज्ञदत्त शर्मा, सुनील नायक, सचिन अग्रवाल, पंचराम यादव, नगर पंचायत खरोरा समस्त पार्षदगण, सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेश साहू सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### वार्षिकोत्सव पर छात्रों ने दी देशभक्ति की प्रस्तुति





**भटगांव।** सागर हायर सेकंडरी स्कूल भटगांव में सूर संध्या वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिव अनिल साहू सदस्य जिला पंचायत, प्रदीप देवांगन उपाध्यक्ष नगर पंचायत भटगांव एवं प्रियतम भारद्वाज प्राचार्य भटगांव, विजय कुमार साहू सीएससी भटगांव एवं मोहनलाल साहू थे। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों द्वारा प्रदर्शित कार्यक्रम ये तो सच है कि भगवान है ने दर्शकों का दिल जीता। संदेशे आते हैं देशभक्ति गीत पर नृत्य ने दर्शकों को रोमांचित और प्रभावित किया कक्षा 11वीं की विद्यार्थियों द्वारा मंच पर आकर्षक पिरामिड प्रदर्शन किया गया। कक्षा आठवीं के छात्र दक्ष कुमार डनसेना एवं साथी द्वारा प्रदर्शित अनपढ़ नेता नाटक ने सभी को गुदगुदाया एवं अतिथियों ने दक्ष कुमार डनसेना के अभिनय की प्रशंसा की। कार्यक्रम में पंथी नृत्य आदिवासी नृत्य करमा नृत्य एवं अन्य राज्यों के पारंपरिक नृत्य को प्रदर्शित किया गया। विद्यालय के छात्रा कुमारी रेशमा जायसवाल, जानवी, महेंद्र, अंशिका साहू, नीलू, तमन्ना, विरंजक, रोशनी साहू, गरिमा कृतिका एवं अन्य छात्र दक्ष कुमार डनसेना, ऋतिक, कान्हा सायतोड़े विनय जायसवाल विमल चंचल एवं अन्य बच्चों का विशेष योगदान रहा। दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम रूद्र सिंह राजपूत एवं द्वितीय जानवी महेंद्र कक्षा बारहवीं में प्रथम होमसी देवांगन एवं द्वितीय अनुष्का डनसेना एवं नेशनल बॉक्सिंग प्रतिभागी छात्र शालू प्रेमी और नीट में चयनित चार्ली चौहान इत्यादि को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। ईश्वर कुमार पटेल और स्टूडेंट ऑफ द ईयर के रूप में तनय सिंह राजपूत को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक- शिक्षकों खगेश कुमार धीवर, अमित कुमार साहू, किशोर कुमार आदित्य, धनसाय निराला, दीक्षा सिंह, लता साहू, नेहा, अनीशा, कंचन, सौम्या, पूनम, काजल सभी का विशेष योगदान रहा।

## नगर में 18 फरवरी से दुर्लभ सत्संग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर के राधाकृष्ण गौसेवा संस्थान सिविल लाईन में 18 से 24 फरवरी तक दुर्लभ सत्संग का आयोजन किया गया है। प्रवचनकर्ता के रूप में स्वामी विजयानंद गिरी महाराज होंगे। कार्यक्रम दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक प्रतिदिन आयोजित होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 17 फरवरी को षष्ठी मंदिर प्रांगण सिविल लाईन से कलश यात्रा के साथ होगा।

कार्यक्रम के संयोजक टेसूलाल धुरंधर, संचालक जागेश्वर पटेल, सहसंयोजक बीआर पटेल, रामाधार पटेल, डा. राधेश्याम पटेल ने बताया कि नगर में इस तरह का आयोजन प्रथम बार होने जा रहा है। इसमें स्वामी विजयानंद गिरी महाराज ऋषिकेश वाले के द्वारा दुर्लभ सत्संग समारोह के बीच प्रतिदिन विशेष व्याख्यान देंगे। आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि उक्त कार्यक्रम नगर के सभी समाज एवं नगरवासियों के सहभागिता से संपन्न होगा। आयोजन समिति ने उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गत दिवस षष्ठी मंदिर परिसर में आयोजन प्रमुखों की बैठक आयोजित की गई, जहां प्रचार प्रसार एवं कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी समाज प्रमुखों को भी जिम्मेदारी दी गई हैं। उक्त बैठक में जागेश्वर पटेल, टेसूलाल धुरंधर, रामाधार पटेल, डा. राधेश्याम पटेल, विनय गुप्ता, रामकुमार पटेल, दीपक पटेल, लालता तिवारी आदि उपस्थित थें। स्थानीय प्रशासन कलेक्टर, एसपी, एसडीएम, तहसीलदार, नगर पालिका अधिकारी, विद्युत विभाग आदि को भी उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आमंत्रण पत्र कार्यक्रम संचालक जागेश्वर पटेल, कार्यक्रम संयोजक टेसूलाल धुरंधर, सहसंयोजक राधेश्याम पटेल, बरत राम पटेल, रामाधार पटेल आदि द्वारा दिया गया।

## फुलझर राज गांड़ा समाज की हुई बैठक लिए गए अनेक

**सरायपाली।** फुलझर अंचल के गांड़ा समाज की समाजिक बैठक रखा गया। बैठक में समाज के विभीन्न विषयों पर चर्चा की गई। जिसमें समाज के विकास के लिए समाज के पदाधिकारियों द्वारा बारी-बारी से चर्चा की गई। जिसमें गांडा समाज संगठन के नाम पर से विकास, बेरोजगारी सारी मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमें यह पाया गया कि हमारे समाज में किसी भी प्रकार की विकास नही हुआ है। इसलिए गांडा समाज सरायपाली की ओर से सर्व समिति से नया संगठन फुलझर विकास समिति बनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने संगठन का नया नाम फुलझर राज गांड़ा समाज विकास समिति रखा गया है। बैठक में विशेष रूप से जगदीश चौहान, पंचराम चौहान, नुराधन सुरजाल, सुन्दर लाल, रघुबाघ, मदन चौहान, करुणाकर के साथ ही जयसिंग चौहान उपस्थित थे।

# ईश्वर की कथा रूपी सरोवर में आना केवल हरि कृपा से ही संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम अमेरा में बोल बम सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के विशेष सहयोग से शिव महापुराण कथा के जी प्रथम दिवस व्यास पीठ से पंडित महेश उपाध्याय ने कहा कि भगवान की कथा रूपी सरोवर में आना ही बड़ी बात है जो कथा स्थल तक पहुँचता है सिर्फ और सिर्फ



हरि कृपा से ही पहुँच पाना संभव है। उन्होंने कहा कि भगवान को कैसे जाना जा सकता है जब हमारे सनातन धर्म के अनुयायियों के पास सबसे बड़ा ग्रन्थ वेद है हमारे लिए इससे बड़ा कोई उपहार नही हो सकता। भगवान को जानने का यह मुख्य साधन हैं क्योंकि कथा श्रवण से भगवान तक पहुँचा जा सकता है यदि कोई मनुष्य प्रेम भाव से व सच्ची श्रद्धा से उनका मनन चिंतन व कीर्तन करता हैं तो भगवान प्रेम के वशीभूत होकर भक्त की करुण पुकार सुन कर स्वयमेव प्रकट हो जाते हैं यही भक्त और भगवान को जोड़ने का साधन हैं अतः महराज जी ने कहा कि तात्पर्य यह है की वेद ही उनके स्वरूप का दर्शन करा देते हैं भक्ति का वर्णन करते हुए कहा कि श्रवण पहली भक्ति हैं कथा श्रवण से ही भक्ति जीवन मे प्रवेश पाती हैं और भक्ति की सफलता भगवान की कथा श्रवण से ही सफल होती हैं उन्होंने कथा का तात्पर्य बताते हुए कहा कि कथा क्या है उपनिषद में कं का अर्थ कं ब्रम्ह कं ज्ञान और कं सुख जिनके द्वारा भगवान ब्रम्ह के हृदय में उत्पत्ति ही कथा का सार अर्थ है। मन की बुराई और दुर्गुण भगवान की कथा श्रवण से नष्ट हो जाता है। उन्होंने नई पीढ़ी की ओर इंगित करते हुए कहा कि यदि हम सभी सनातनी अपने बच्चों को कथा स्थल पर कथा श्रवण के लिये लाये तो उनका आचार विचार अच्छा एवं धर्म के क्षेत्र में उनका रुचि बढ़ जाता है कभी गलत मार्ग पर पग नही देते। श्री शिव महापुराण कथा कल्याण कारी कथा है, जिनके सुनने मात्र से ही जीव का कल्याण एवं जन्म जन्मांतरों का पाप नष्ट हो जाता हैं। वहीं शिव महा पुराण कथा है शिव कथा को सुनकर जीवन में सदाचार सद् भक्ति का संचार मन में सब के प्रति सदभाव भाई चारा का भाव जागृत हो तभी कथा श्रवण की सार्थकता है। भगवान शंकर माता पार्वती को कथा सुनाते हुए कहते है कि संत वही है जो जीव को भगवान से जोड़ दे। यह बात सिर्फ कथा श्रवण से संभव है। श्री शिव महापुराण कथा सुनने का फल राजसूय यज्ञ करने का फल प्राप्त होने के समान है, जहां भी कथा हो रही है, वहां की धरा धाम की धूल, तीर्थ के समान हो जाती है महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति कम से कम 12 मिनट तक यदि शिव की कथा श्रवण करता है तो कभी उनकी दुर्गती नही होती क्यूंकि ब्रम्ह गायत्री का विस्तार ही शिव महापुराण है।

### सेल में गूंजी भक्त ध्रुव और प्रहलाद की गाथा

**सेल।** ग्राम सेल में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के तृतीय दिवस भगवान के प्रिय भक्त ध्रुव की कथा का वर्णन किया गया। आचार्य ने प्रसंग मे बताया की किस प्रकार ध्रुव जी की विमाता



सुरुचि के कठोर वचन से आहत होकर केवल पांच वर्ष की उम्र मे अपनी मां सुनीति के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से ईश्वर प्राप्ति के लिए वन में निकल गये। प्रभु के प्रेरणा से प्रेरित होकर उन्हें मार्ग में नारद जी मिल गये। पहले नारद जी ने बालक की भक्ति की परीक्षा ली, जिसमें ध्रुवजी का दृढ़ संकल्प देखकर नारद जी ने उन्हें द्वादश अक्षरी मंत्रों की दीक्षा के साथ भगवान की मानसिक पूजा का महत्व एवं ईश्वर प्राप्ति का आशीर्वाद दिया। अपने गुरु के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से केवल छः महीने में अपनी अटल तपस्या एवं भक्ति से ध्रुवजी प्रभु का दर्शन एवं आशीर्वाद पाया। उसके बाद छत्तीस हजार वर्षों तक पृथ्वी पर राज्य सुख भोगकर मृत्यु देवता के सिर पर पैर रखकर प्रभु के धाम गये और भगवान ने उन्हें ध्रुव तारे के रूप अमरत्व प्रदान किया है। भगवान के पृथु अवतार ऋषभ देव अवतार की कथा के साथ पुरंजन की कथा के साथ भरत के प्रसंग की व्याख्या की गई। हिरण्यकश्यप की कथा के साथ भगवान के नरसिंह अवतार की कथा मे भगवान के प्रिय भक्त प्रहलाद की भक्ति की व्याख्या की गई।

## गांजा की तस्करी कर रहे चार लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांजा की तस्करी करने वाले चार लोगों को एंटी नारकोटिक टॉस्क फोर्स एवं थाना सिंघोड़ा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 11 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है।

मामले को लेकर मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक टॉस्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी तथा इंड टू इंड एवं फाइनेशियल इनवेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेंकिंग कार्रवाई की जा रही है। इसी दरमियान सूचना मिली कि एक सिल्वर कलर की बोलेरो कार क्रमांक सीजी 10 एफए 5434 ग्राम पुटका से अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर सरायपाली की ओर लाया जा रहा है। इसके बाद एनएच 53 रोड ग्राम पुटका चौक पहुंच कर नाकाबंदी की गई।

जहां कुछ देर बाद उक्त वाहन वहां पहुंची, जिसमें चार व्यक्ति बैठे थे। पूछताछ में इन लोगों ने अपने नाम उमेश भरत गोरे पिता भरत गोर (23 साल) देवगांव थाना पारगांव जिला पुणे महाराष्ट्र, विशाल भाउ साहेब मानधरे पिता भाउ साहेब मानधरे (21 साल) दावरबाड़ी थाना वारूज जिला संभाजी नगर औरंगाबाद महाराष्ट्र, मो हबीब पिता मो अयूब (45 साल) छोटे टेमरी थाना बसना जिला महासमुंद, जेहरू कुलदीप पिता नारेन कुलदीप (76 साल) पुटका थाना सिंघोड़ा होना बताए।

# महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



शासकीय खेमराज लक्ष्मीचंद कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा में हर्षोल्लास के साथ वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नमिता मारकोले अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं जनभागीदारी अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रश्मि मिंज एवं विशिष्ट अतिथि शिव गोपाल रात्रे, बीरेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ लक्ष्मण सिंह साहू एवं डॉ कृष्ण कुमार साहू रहे।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि, महाविद्यालय की प्राचार्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नमिता मारकोले ने कहा कि आप सब लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई कीजिए और अपने माता-पिता के सपनों को पूरा कीजिए। सोच सदैव सकारात्मक रखिए। क्योंकि, सकारात्मक विचार के साथ आगे बढ़ने से हमें हर चुनौती का सामना करने की शक्ति मिलती है। लक्ष्य लेकर अध्ययन कीजिए और आगे बढ़ कर अपने लक्ष्यों को हासिल कीजिए। मोबाइल का सदुपयोग कीजिये और नकारात्मक विचारों से दूर रहिए। छात्र जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है अनुशासन में रहते हुए हम अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
13 फरवरी 2026
SHOW TIME
ओ रोमियो
शो समय - 12:00, 3:30, 6:00, 9:00 PM
आटा चक्की (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर 20 को

**भाटापारा।** छ.ग. मनवा कुर्मी छत्रिय समाज नगर इकाई भाटापारा के अंतर्गत कार्यरत डॉ. खूबचंद बघेल सेवा समिति द्वारा जिला आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के सहयोग से 20 फरवरी को डा. बघेल चौक पटपर नाका स्थित सामुदिक भवन में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें योग्य चिकित्सक द्वारा जांच कर निःशुल्क दवाई दी जाएगी तथा शुगर और बी पी की जांच की जाएगी। शिविर सुबह 10 से शाम 4 बजे तक रहेगा। उक्त जानकारी एस आर वर्मा अध्यक्ष सेवा समिति ने दी है।

### वार्षिकोत्सव में बिखरेगा पारंपरिक छटा

**पलारी।** शुक्रवार 13 फरवरी को पलारी के आईसेक्ट कंप्यूटर प्रशिक्षण सेंटर में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया है। इसमें विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक एवं सांस्कृतिक छटा प्रस्तुत की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएमओ पंकज वर्मा होंगे। अध्यक्षता बिपिन बिहारी वर्मा पूर्व केन्दीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी छत्रिय समाज करेंगे, विशिष्ट अतिथि कोमल देवांगन सहायक प्राध्यापक महाविद्यालय पलारी होंगे।

### सूने घर से चोरी

**महासमुंद।** ग्राम टेका में एक सूने घर से सोने का गहना और नगदी रकम चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पिथौरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी व टेका निवासी सलीम बेग ने बताया कि 11 फरवरी की सुबह 9 बजे वह शादी कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम खट्टा गया था। घर में उसके बेटे, बहू और बाहर से आये मेहमान थे। करीब 12 बजे उसके बेटे-बहू भी शादी कार्यक्रम में सम्मिलित होने खट्टा चले गए। करीब 1 बजे उसके बहू और बेटे ने बताया कि घर में बाहर से आये मेहमान भी 12.30 बजे घर में ताला बंद कर चाबी को खिड़की में रखकर चले गये हैं। शाम के करीबन 6 बजे जब उसके बेटे-बहू शादी कार्यक्रम से वापस घर गए तब उन्होंने बताया कि घर के सामने का ताला टूटा हुआ है और अंदर में रखे गोदरेज आलमारी सोने का एक जोड़ी टॉप्स कीमत 10000 रुपए और नगदी रकम 15000 रुपए कुल 25000 रुपए नहीं थे। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

### शराब की अवैध बिक्री, दो लोगों के विरूद्ध कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में दो लोगों को विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस ने 11 फरवरी को आरोपी रमेश सौरा पिता सीताराम सौरा (33 वर्ष) कछारडीह थाना पिथौरा के कब्जे से 35 नग गोवा शराब कीमत 4200 रुपए को बरामद किया। इसी तरह पुलिस ने आरोपी हीरालाल सिन्हा पिता मोहित सिन्हा (28 वर्ष) किशनपुर थाना पिथौरा के कब्जे से 34 नग देशी प्लेन शराब जब्त की है।

### घर में घुसकर मारपीट जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली के वार्ड नं. 12 उड़ियापारा के घर में घुसकर मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को नीरज यादव पिता राजेंद्र यादव ने बताया कि उसका पड़ोसी संतोष यादव आये दिन शराब पीकर गाली गलौज करता रहता है। मना करने पर मारपीट पर उतारू हो जाता है। 11 फरवरी को दोपहर करीब 3 बजे वह अपने घर में था, तभी आरोपी संतोष यादव घर के सामने आकर गालियां दे रहा था, उसी समय आरोपी हाथ में लोहे का शॉकप राड लेकर घर के अंदर आया और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 333, 296, 115 (2), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए रेलवे स्टेशन में संरक्षा सेमिनार हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन, सिगनल एवं दूरसंचार, यांत्रिक, राजभाषा तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों के साथ भाटापारा रेलवे स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इसमें स्पैड से बचाव एवं ऑटोमेटिक सिग्नलिंग फेलुअर के दौरान दी जानेवाली विभिन्न प्राधिकार और चालक द्वारा ली जानेवाली सावधानियां, शंटिंग के दौरान बरती जानेवाली सावधानियां तथा वैगन में लोडिंग करने का सही तरीका एवं तारपोलिन से कवर करना, ट्रेन में हॉट एक्सल, ब्रेक बाइंडिंग, डोर हीटिंग तथा असमान लोडिंग से बचाव के लिए कैरिज एवं वैगन कर्मचारी, चालक दल, ट्रेन प्रबंधक और स्टेशन कर्मचारियों द्वारा किये जानेवाली जांच, सिगनल एवं प्वाइंट्स की विफलता के दौरान सिगनल तथा परिचालन कर्मचारीयों के द्वारा बरती जानेवाली सावधानियां एवं रिलेरूम में कार्य करते समय ली जानेवाली सावधानियां, ट्रैक फिटिंग का रखरखाव एवं चाबीदार का डयूटी, रेलकर्मियों के लिए राजभाषा हिंदी में कार्य करना क्यों आवश्यक है? प्राथमिक उपचार पेटी का प्रदर्शन तथा अग्निशामक यंत्र का उपयोग एवं प्रदर्शन।

## भाटापारा रेलवे स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन




### 58 लोगों ने भाग लिया

इस संरक्षा सेमिनार में निकेश कुमार पाण्डेय, राजभाषा अधिकारी रायपुर के साथ-साथ शसंरक्षा सलाहकारों ने संरक्षा सेमिनार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन, रायपुर मंडल द्वारा प्रत्येक माह में 2 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर एवं फील्ड कर्मचारियों को मिलाकर कुल 58 लोगों ने भाग लिया।

## नगर पंचायत में नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत

# अवैध शराब बिक्री के खिलाफ एक जुट हुए नगरवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर में अवैध शराब बिक्री और नशेड़ियों के बढ़ते उत्पात से परेशान नगर वासियों ने नशा मुक्ति अभियान के तहत मंगल भवन में बैठक आयोजित की। बैठक में पुलिस एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में नागरिकों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं और अवैध शराब पर रोक लगाने की मांग की।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, नशा मुक्ति अभियान छत्तीसगढ़ के प्रभारी एवं भाजपा नेता वेदराम मनहरे मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी ने कहा कि नगर के विभिन्न वार्डों से लगातार अवैध शराब बिक्री की शिकायतें मिल रही थीं, जिससे माहौल बिगड़ रहा था। इसी को देखते हुए जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है, ताकि अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जा सके।





### कोचियों को पकड़ने पर नपा अध्यक्ष-उपाध्यक्ष देंगे 10 हजार का इनाम

बैठक के अंत में पुलिस और आबकारी अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया तथा नागरिकों से सहयोग की अपील की। नगर में नशा मुक्ति अभियान को लेकर लोगों में जागरूकता और एकजुटता का माहौल देखने को मिला। उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते नशामुक्ती के प्रदेश संयोजक भाजपा नेता वेदराम मनहरे ने नगर पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित पार्षदों को नशामुक्ती अभियान कार्यक्रम को लेकर जमकर तारीफ करते कहा की नगर प्रत्येक वार्ड में महिलाओं का समूह बना पार्षद के नेतृत्व मे नशा मुक्त वार्ड व नगर बनाने का प्रस्ताव रखा साथ ही वार्ड में बिक रहे अवैध शराब बिक्री की सूचना देने पर 10 हजार के इनाम राशि देने की बात कही। वही अपने परिवार को नशे से दूर रखने आने वाली पीढ़ी को शराब सहित अन्य नशे से बचाने का आह्वान करते नशा मुक्त समाज बनाने की बात कही ।

### नगर में जनआक्रोश

आयोजन की अगुवाई नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता सोनी और पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी ने की। नगर के गली-मोहल्लों में खुलेआम बिक रही अवैध शराब और कोचियों के आतंक से आमजन काफी परेशान हैं। लोगों का कहना है कि सुबह से ही शराब आसानी से उपलब्ध होने के कारण मजदूर, युवा और असामाजिक तत्व नशे में उत्पात मचाते हैं, जिससे मोहल्लों का माहौल खराब हो रहा है। विशेष रूप से महिलाएं इस समस्या से ज्यादा प्रभावित हैं। नागरिकों ने पुलिस और आबकारी विभाग की उदासीनता पर भी नाराजगी जताई।

### कार्रवाई की मांग

इसी समस्या के समाधान के लिए नगर पंचायत खरोरा द्वारा नशा मुक्ति अभियान के प्रदेश संयोजक वेदराम मनहरे के सहयोग से जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में महिला समूहों, समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। लोगों ने अधिकारियों के सामने अवैध शराब की बिक्री और परिवहन पर सख्ती से रोक लगाने की मांग रखी।

### रोकथाम के लिए जनभागीदारी जरूरी

जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने नगर पंचायत के इस प्रयास की सराहना करते हुए अवैध शराब को सामाजिक बुराई बताया और इसे रोकने के लिए जनभागीदारी को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनता के संयुक्त प्रयास से ही इस समस्या पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

# नगर में विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर पालिका परिषद के अंतर्गत गांधी मंदिर वार्ड में विभिन्न जनहितकारी विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के साथ सम्मिलित होकर विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई।

इस दौरान छत्तीसगढ़ महतारी चौक निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह चौक नगर की पहचान को नई दिशा प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा एवं गौरव का प्रतीक बनेगा। इसके निर्माण से क्षेत्र के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा मिलेगा तथा नागरिकों में सांस्कृतिक आत्मगौरव की भावना सुदृढ़ होगी। इसके अलावा प्रतिमा अवस्थी के निवास से रविंद्र शर्मा के निवास तक सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे विकास कार्य नगर की प्रगति के आधार स्तंभ होते हैं। उन्होंने वार्डवासियों को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी जनहित में निरंतर कार्य किए जाते रहेंगे।

अश्वनी शर्मा संबोधन ने कहा नगर के प्रत्येक वार्ड में संतुलित एवं समग्र विकास सुनिश्चित करना नगर पालिका परिषद की प्राथमिकता है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, राकेश तिवारी, पालिका सभापति गोविंद पटेल, मनीष मिश्रा, कुंजराम कोशले, दीपा साहू, पार्षद नंदकिशोर वैष्णव, बब्बू मंधान, सतीश साहू, बंटी टंडन, उमाशंकर वर्मा, श्रेणिक गोलछा, भुवन सिंह ठाकुर, मोंटू ध्रुव, प्रत्येश राठौर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, भाजपा प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंत्री आशीष जायसवाल, पिछड़ा वर्ग महाबल बघेल मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत आदि मौजूद थे।

# मातृ और शिशु कल्याण के लिए जागरूकता कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा मातृ एवं शिशु कल्याण परियोजना के अंतर्गत गर्भवती माताओं एवं उनके परिवारजनों के लिए संस्थागत प्रसव विषय पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम सुहेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोहर ध्रुव के मार्गदर्शन तथा संयंत्र प्रमुख राजेश कुमार एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के निर्देशन में हुआ।

कार्यक्रम में डॉ. रोहणी वर्मा ने सुरक्षित प्रसव, नियमित एएनसी जांच, संतुलित आहार तथा समय पर चिकित्सकीय परामर्श के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को होने वाले माता-पिता बैज एवं क्राउन पहनाकर सम्मानित किया गया तथा प्रत्येक गर्भवती माता को उपहार प्रदान किया गया। गर्भवती महिलाओं के लिए पारंपरिक साधौरी रस्म का आयोजन भी किया गया, जिससे महिलाओं में उत्साह और सहभागिता का वातावरण बना। कार्यक्रम में 80 से अधिक होने वाले माता-पिता ने भाग लिया। रावन के आरएचओ मनीषा पटेल एवं प्रदीप कुमार पटेल ने ग्रामीण परिवारों को अस्पताल में सुरक्षित प्रसव के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय तथा सीएसआर टीम के सुरेंद्र कुमार यादव, द्वारिका वर्मा, ताराचंद वर्मा, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, सुनीता निषाद, साहिल बांधे और गुमान साहू का विशेष




### हायर सेकंडरी देवरी में हुआ मातृ सम्मेलन

**भाटापारा।** शास उच्च माध्य विद्यालय देवरी में मातृ सम्मेलन का आयोजन शाला विकास एवं प्रबंधन समिती के अध्यक्ष धनराज वर्मा,भाजपा मण्डल अध्यक्ष (ग्रामीण)पवन वर्मा, एस एम डी सी के मेंबर्स गन्नूलाल रजक, राजेश्वरी वर्मा, मातृ शक्तियों विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा के आतिथ्य में आयोजित हुआ। व्याख्याता प्रीती शाह ने सरकार के विभिन्न लाभकारी योजनाओं निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण, के जी बी पी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कैरियर मार्गदर्शन, बालिका समृद्धी योजना एवं एस एम डी सी के संबंध में सविस्तार जानकारी उपस्थित माताओं को दी गई। प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने मातृ सम्मेलन आयोजित करने का उद्देश्य शासन की विभिन्न लाभकारी योजनाओं को माताओं तक प्रेषित करना था जिससे सभी अपने बच्चों के प्रति सशक्त रूप से जागरूक होकर लाभ लें सके। कार्यक्रम में व्याख्याता हेम कुमार साहू, मृणालिनी शुक्ला, रेणू शर्मा, चंद्रकांत बागड़े, गिरजा शंकर तिवारी, जीके साहू, पुष्पलता अग्रवाल, टिकेश्वरी साहू , हुलसी वर्मा छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।



# आंबा केंद्र में मनाया गया वजन त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

छत्तीसगढ़ में बच्चों के सुपोषण को सुनिश्चित करने 9 से 18 फरवरी तक सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्यौहार मनाया जा रहा है। इस दौरान 0 से 6 वर्ष के बच्चों का वजन और ऊंचाई नापी जा रही है। जिसका उद्देश्य बच्चों के पोषण स्तर की जांच करना कुपोषण दर को कम करना और अभिभावकों को सही पोषण के प्रति जागरूक करना है। इसी तारतम्य में 12 फरवरी को ग्राम कोनारी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक में वजन त्यौहार मनाया गया। आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक में आयोजित वजन त्यौहार कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सभापति अश्वनी रजक सरपंच प्रतिनिधि अनूप पाठक, सचिव भोजराम पटेल, छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक द्वारा किया गया। अमेरा सेक्टर सुपरवाइजर मलिका खान ने कहा कि अभिभावकों में पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता की जरूरत है, ताकि कोई बच्चा कुपोषित न रहे। इस आयोजन के माध्यम से जन समुदाय को पोषण संबंधी परामर्श दिया जाता है। उन्होंने संतुलित आहार नियमित जांच एवं स्वच्छता



के महत्व पर प्रकाश डालते हुए माताओं को कुपोषण से बचाव संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी गई। साथ ही यह बताया गया कि फरवरी माह से आंगनबाड़ी केंद्रों में भी न्योता भोज का कार्यक्रम प्रारंभ हो गए हैं जो कोई भी इच्छुक हो वह शादी छठी जन्मदिवस की अवसर पर न्योता भोज का आयोजन कर सकते हैं। बताया गया कि अमेरा सेक्टर में कुल 1700 बच्चों में से अब तक 475 बच्चों का वजन हो चुका है। सचिव भोजराम पटेल ने बताया कि शासन के दिशा निर्देशानुसार वजन त्यौहार का आयोजन किया जाता है ताकि बच्चों के पोषण स्तर की नियमित निगरानी हो सके। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से कुपोषण की समय रहते पहचान होती है और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सकते हैं। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक के कार्यकर्ता शांति पटेल, 02 के कार्यकर्ता सुशीला पटेल, 03 के कार्यकर्ता रितु भारद्वाज, सहायिका लक्ष्मी चेलक, मितानिन संतोषी पटेल, रुक्मणी पटेल, ग्रामीण सुरेश पटेल, गोपी रजक, दिनेश सेन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## प्रतिभागियों से संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया

# नल जल योजना के संचालन और संधारण के लिए दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार






जनपद पंचायत भवन भाटापारा में गुरुवार को जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सतत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नल जल योजना के संचालन एवं संधारण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव, जल समिति सदस्य एवं ऑपरेटर को नल जल योजना के प्रभावी संचालन, नियमित संधारण, जल गुणवत्ता की जांच, जल स्त्रोतों की सुरक्षा, मोटर-पंप एवं पाइपलाइन रखरखाव सहित अन्य तकनीकी एवं व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि योजनाओं के सुचारू संचालन एवं दीर्घकालीन स्थायित्व के लिए स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारी और सामुदायिक सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। साथ ही जल संरक्षण एवं जल के सदुपयोग पर भी विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों से संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा उन्हें अपने-अपने ग्रामों में योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद सीईओ हिमांशु वर्मा, पीएचई के सहायक अभियंता कन्हैया लाल देवांगन, सब इंजीनियर संदीप लॉरेंस, जिला परियोजना समन्वयक राजकुमार कोसले एवं मंजू गायकवाड़ उपस्थित थे।

